# छत्तीसगढ़ विधान सभा

(चतुर्थ)

खण्ड -14

# जुलाई, 2018 सत्र

# के

# प्रश्नों के पूर्ण उत्तर

(दिनांक [illegible] सितम्बर, 2018 को सदन में प्रस्तुत)

नया रायपुर

शासकीय मुद्रणालय

2018

# प्रस्तावना

छत्तीसगढ़ विधान सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के अध्याय - 7 "प्रश्न" में नियम क्रमांक 28 से नियम क्रमांक 50 तक सभा में माननीय सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछने की सम्पूर्ण प्रक्रिया, ग्राह्यता की शर्तें और सभा में प्रश्नकाल की प्रक्रिया के संबंध में प्रावधान उल्लेखित किए गए हैं.

प्रश्नकाल सभा का सबसे महत्वपूर्ण काल होता है. इसलिए सैद्धांतिक रूप से यह भी स्थापित हो चुका है कि प्रश्नकाल को स्थगित नहीं किया जाता. इसके साथ ही जब एक बार प्रश्न अध्यक्ष के द्वारा ग्राह्य कर लिया जाता है, तब शासन के लिए उस प्रश्न का उत्तर दिया जाना बंधनकारी होता है. अपवादस्वरूप कभी-कभी ऐसी स्थितियां हो सकती है कि शासन के लिए यह संभव न हो कि वह निर्धारित अवधि में प्रश्न का उत्तर उपलब्ध कराए. ऐसी परिस्थिति में भी शासन के संबंधित विभाग को यह तो सूचित करना ही पड़ता है कि - "जानकारी एकत्रित की जा रही है".

इस संकलन में जुलाई, 2018 सत्र की बैठकों की प्रश्नोत्तर सूचियों में मुद्रित अपूर्ण उत्तरों का संबंधित विभागों द्वारा प्रेषित पूर्ण उत्तरों तथा पृथक वितरित एवं पुनरीक्षित उत्तरों को मुद्रित कराया गया है.

शासन द्वारा पूर्व में दी गयी जानकारी बड़े कोष्टक [.....................] के अंदर मुद्रित है. इस संकलन में गृह तथा कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रश्न तथा यथा समय विभागों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन तथा प्रश्नोत्तर सूची के शुद्धि पत्रों की सूची सम्मिलित किए गए हैं.

रायपुर : **(चन्द्र शेखर गंगराड़े)**
दिनांक : 06 सितम्बर, 2018. सचिव.

# विषय सूची



| क्रमांक (1) | विषय (2) | पृष्ठ क्रमांक (3) |
|---|---|---|
| 1. | जुलाई, 2018 सत्र से संबंधित प्रश्नोत्तर | 1 से 4 |
| 2. | जुलाई, 2018 सत्र के प्रश्नोत्तरों से संबंधित परिशिष्ट | 5 से 13 |
| 3. | जुलाई, 2018 सत्र में प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन तथा प्रश्नोंत्तर सूची से संबंधित शुद्धि पत्रों की सूची. | 14 से 32 |

# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## जुलाई, 2018 सत्र से संबंधित प्रश्नोंत्तर

अकलतरा विधानसभ क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु का मुआवजा कार्यवाही

01. (क्र. 24) **श्री चुन्नीलाल साहू (अकलतरा)** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2014-15 से मई, 2018 तक वाहन दुर्घटना में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई ? कितने लोग घायल हुये ? (ख) मृतक और घायल व्यक्ति के परिवार को कितना-कितना मुआवजा दिया गया ? कितने मृत व घायल व्यक्ति के परिवार को मुआवजा नहीं दिया गया हैं ? कब तक मुआवजा दिया जावेगा ? (ग) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु शासन द्वारा क्या प्रयास किया जा रहा है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैंकरा) : [(क) प्रश्नाधीन अवधि में अकलतरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत वाहन दुर्घटना में 190 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 488 लोग घायल हुये. (ख) 50 मृतक के परिवार को रू. 11,00,000/- (रू. ग्यारह लाख) आर्थिक सहायता राशि तथा हिट एण्ड रन के प्रकरण में सोलेशियम योजना के अन्तर्गत 01 मृतक के परिवार को रू. 25,000/-(रु. पच्चीस हजार) मुआवजा राशि प्रदाय किया गया. 17 मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता हेतु प्रकरण प्रक्रियाधीन होने से लंबित है. घायल व्यक्तियों को मुआवजा राशि एवं लंबित प्रकरण की जानकारी निरंक है. लंबित प्रकरणों में प्रक्रिया पूर्ण होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की जावेगी. (ग) क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु शासन द्वारा निम्नानुसार प्रयास किये जा रहे हैं :-

1. सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति का गठन किया गया है.
2. दुर्घटनाजन्य स्थलों का चिन्हांकन कर दुर्घटना के कारणों का विश्लेषण कर सड़क दुर्घटना रोकने हेतु कारगर प्रयास किये जा रहे हैं.
3. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विधि-सम्मत कार्यवाही की जा रही है.
4. जिला चिकित्सालय के माध्यम से वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया.
5. स्कूल एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है.
6. पुलिस विभाग के वाहनों से निरंतर पेट्रोलिंग किया जा रहा है.
7. दुर्घटनाजन्य स्थलों के समीपस्थ ग्रामों में यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है.
8. यातायात रथ के माध्यम से आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर लोगों का जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.
9. सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक, यातायात प्रशिक्षण, हैलमेट-जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया.]

(क) प्रश्नाधीन अवधि में अकलतरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वाहन दुर्घटना में 190 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 488 लोग घायल हुये.

(ख) 48 मृतक के परिवार को रू. 10,80,000/- (रू. दस लाख अस्सी हजार) आर्थिक सहायता राशि तथा हिट एण्ड रन के प्रकरण में सोलेशियम योजना के अन्तर्गत 01 मृतक के परिवार को रू. 25,000/- (रू. पच्चीस हजार) मुआवजा राशि प्रदाय किया गया. 16 मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता हेतु प्रकरण प्रक्रियाधीन होने से लंबित है. घायल व्यक्तियों को मुआवजा राशि एवं लंबित प्रकरण की जानकारी निरंक है. लंबित प्रकरणों में प्रक्रिया पूर्ण होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की जावेगी.

(ग) क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु शासन द्वारा निम्नानुसार प्रयास किये जा रहे हैं :-

01. सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति का गठन किया गया है.
02. दुर्घटनाजन्य स्थलों का चिन्हांकन कर दुर्घटना के कारणों का विश्लेषण कर सड़क दुर्घटना रोकने हेतु कारगर प्रयास किये जा रहे हैं.
03. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विधि-सम्मत कार्यवाही की जा रही है.
04. जिला चिकित्सालय के माध्यम से वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है.
05. स्कूल एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है.
06. पुलिस विभाग के वाहनों से निरंतर पेट्रोलिंग किया जा रहा है.
07. दुर्घटनाजन्य स्थलों के समीपस्थ ग्रामों में यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है.
08. यातायात रथ के माध्यम से आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर लोगों का जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.
09. सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक, यातायात प्रशिक्षण, हेलमेट-जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

[ परीक्षित उत्तर ]

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में किसानों को फसल बीमा का प्रदाय

02. (क्र. 414) **श्री चुन्नीलाल साहू (खल्लारी)** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2017-18 से मई, 2018 तक कितने ग्रामों के कितने किसानों का फसल बीमा प्रदाय किया गया ? सिंचित एवं असिंचित रकबा की जानकारी भी दें ? (ख) प्रति हेक्टेयर सिंचित व असिंचित रकबा को किस दर से बीमा राशि प्रदाय किया गया है ?

**कृषि मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : [(क) एवं (ख) जानकारी संकलित की जा रही है.]

(क) फसल बीमा योजनाओं में जानकारी का संधारण विधानसभा क्षेत्रवार एवं ग्रामवार नहीं अपितु तहसील एवं ग्राम पंचायतवार किया जाता.

प्रश्नाधीन अवधि में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित तहसीलों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत में बीमित कृषक, सिंचित एवं असिंचित रकबे का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 एवं 2 पर है.

(ख) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत सिंचित व असिंचित रकबे में प्रति हेक्टेयर बीमा भुगतान की दर का ग्राम पंचायतवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-3 पर है.

पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडलवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-4 पर है.

[पृथक वितरित उत्तर]

जिला राजनांदगांव में कृषकों को फसल बीमा का प्रदत्त लाभ

03. (क्र. 546) **श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला-राजनांदगांव में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 के दौरान कितन कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया है ? (ख) उपरोक्त कृषकों में से कितने कृषकों को फसल बीमा का लाभ प्राप्त हुआ ? (ग) फसल बीमा की राशि का भुगतान दिनांक 1 जून 2018 की स्थिति में कितना लंबित है ? लंबित प्रकरणों का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा ?

**कृषि मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : [(क) प्रश्नाधीन अवधि में राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमित कृषकों की फसल मौसमवार की संख्या † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है. (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है. ]

(क) प्रश्नाधीन अवधि में राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल मौसमवार बीमित कृषकों की संख्या † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है. (ख) एवं (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है.

[पुनरीक्षित उत्तर]

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल क्षति की बीमा राशि का भुगतान

04. (क्र. 601) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2016-17, 2017-18 में प्रदेश के कुल कितने किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराया ? इनसे प्रीमियम के रूप में कितनी राशि किस दर से ली गई ? (ख) कंडिका "क" के कितने किसानों को फसल क्षति की स्थिति में किस दर पर फसल बीमा क्षति पूर्ति राशि भुगतान की गई ? (ग) कंडिका "क" एवं "ख" के परिप्रेक्ष्य में कितने किसानों के फसल बीमा राशि का भुगतान शेष है ? कब तक किया जाएगा ?

**कृषि मंत्री (श्री बृजमोहन अग्रवाल)** : [(क) से (ग) जानकारी संकलित की जा रही है.]

(क) विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर है.

(ख) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत दावा का निर्धारण कृषकवार किये जाने का प्रावधान नहीं है. प्रश्नाधीन अवधि में राज्य में दावा भुगतान हेतु पात्र पाये गये कृषकों तथा उन्हें दावा भुगतान का जिलेवार, फसल मौसमवार, वर्षवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर है.

(ग) दावा भुगतान हेतु पात्र पाये गये कृषकों में से अद्यतन दावा भुगतान हेतु शेष कृषकों का जिलेवार, फसल मौसमवार, वर्षवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर है. पात्र कृषकों की शेष दावा राशि के भुगतान की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने यथावश्यक कार्यवाही की जा रही है, जिसकी निश्चित समय सीमा बताना संभव नहीं है. रबी वर्ष 2017-18 अंतर्गत दावा गणना की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

[पृथक वितरित उत्तर]

बीज विकास निगम द्वारा प्रमाणित एवं आधार बीजों का उत्पादन

05. (क्र. 661) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ.ग. बीज विकास निगम द्वारा वर्ष 2014-15 से 2018-19 में 30 मई 2018 तक कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी किस्मों की धान एवं अन्य फसलों की प्रमाणित बीजों एवं आधार बीजों का उत्पादन किया गया ? कृपया वर्षवार अलग-अलग विवरण देवें ? (ख) चालू खरीफ वर्ष में किस किस विकास खण्ड में कितनी-कितनी मात्रा में धान की कौन-कौन सी किस्मों की कितनी-कितनी मात्रा में अभी तक आपूर्ति की गई है ? कृपया विकास खण्ड एवं माहवार पूरी जानकारी देवें ?

**कृषि मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : [(क) एवं (ख) जानकारी संकलित की जा रही है.]

(क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर है.

(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 पर है.

[पृथक वितरित उत्तर]

खुज्जी विधान सभा क्षेत्र में कृषकों को फसल बीमा का लाभ

06 (*क्र.665) **श्री भोलाराम साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खुज्जी विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में कितने किसानों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम अधारित फसल बीमा कराया गया ? प्रति एकड़ फसल बीमा की राशि क्या है ? (ख) कितने किसानों को फसल बीमा का लाभ दिया गया एवं कितनी प्रिमियम राशि जमा कराई गई ?

**कृषि मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : [(क) फसल बीमा योजनाओं की विधानसभा क्षेत्रवार नहीं अपितु तहसीलवार संधारित की जाती हैं. बीमित फसलों हेतु राशि का निर्धारण प्रति एकड़वार नहीं अपितु प्रति हेक्टेयरवार किया जाता है. प्रश्नाधीन अवधि में खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली तहसीलों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमित कृषकों की संख्या एवं प्रति हेक्टेयर बीमित राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है.]

(क) फसल बीमा योजनाओं की विधानसभा क्षेत्रवार नहीं अपितु तहसीलवार संधारित की जाती है. बीमित फसलों हेतु राशि का निर्धारण प्रति एकड़वार नहीं अपितु हेक्टेयरवार किया जाता है.

प्रश्नाधीन अवधि में खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली तहसीलों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमित कृषकों की संख्या एवं प्रति हेक्टेयर बीमित राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है.

(ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है.

[पुनरीक्षित उत्तर]

---

† परिशिष्ट "दो"

कृषकों को फसल बीमा का भुगतान

07 (*क्र.693) **श्री टी. एस. सिंहदेव** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2015-16, 2016-17, व 2017-2018 में खरीफ वर्ष में कौन सी फसल बीमा योजना लागू थी ? कितने किसानों में बीमा कराया ? उक्त फसल बीमा योजना के तहत कितनी राशि प्रीमियम के रूप में बीमा कंपनी को दी गई ? प्रीमियम में किसानों एवं राज्य सरकार का अंश कितना था ? किन-किन कंपनी से फसल बीमा कराया गया था ? (ख) प्रश्नांश "क" की अवधि में योजनान्तर्गत फसल क्षति की स्थिति में कितने किसानों द्वारा बीमा क्लेम किया गया ? प्रभावित हितग्राही किसान को प्रति एकड़ कितनी बीमा राशि का भुगतान किया गया ? कितनी शेष है ? वर्षवार, जिलेवार प्रभावित किसानों की संख्या, उन्हें बीमा भुगतान की राशि की जानकारी देवें ? (ग) क्या प्रभावित किसानों को फसल बीमा क्लेम का भुगतान अनावरी रिपोर्ट के आधार पर दिया गया ? यदि नहीं तो किस आधार पर दिया गया ?

**कृषि मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : [(क) प्रश्नाधीन अवधि में कृषि फसलों एवं उद्यानिकी फसलों हेतु संचालित फसल बीमा योजना, योजनावार बीमित कृषक, देय प्रीमियम (कृषक अंश, राज्यांश एवं केन्द्रांश) तथा क्रियान्वयक बीमा कंपनी की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है. (ख) प्रश्नाधीन अवधि में संचालित फसल बीमा योजनाओं में कृषकों द्वारा बीमा क्लेम करने का प्रावधान नहीं है अपितु कृषि फसलों हेतु संचालित फसल बीमा योजनाओं के प्रावधान अनुसार अधिसूचित फसलों की फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त औसत उपज तथा उद्यानिकी फसलों में संचालित पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत योजना के प्रावधान अनुसार अधिसूचित स्व-चलित मौसम केन्द्रों से प्राप्त मौसमी आकड़ों के आधार पर दावा भुगतान एवं पात्रता का निर्धारण किया जाता है. उक्त योजनाओं में दावा भुगतान की गणना बीमित कृषकवार नहीं करते हुए अधिसूचित बीमा इकाईवार किया जाता है. प्रश्नाधीन अवधि में योजना प्रावधान अंतर्गत दावा भुगतान हेतु पात्र पाये गये कृषकों की संख्या, दावा भुगतान की गई राशि व शेष राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" एवं "स" पर है. (ग) बीमित कृषकों को फसल बीमा क्लेम का भुगतान अनावरी रिपोर्ट के आधार पर नहीं किया जाता है अपितु कृषि फसलों हेतु संचालित फसल बीमा योजनाओं के प्रावधान अनुसार अधिसूचित फसलों की कटाई प्रयोग से प्राप्त औसत उपज तथा उद्यानिकी फसलों में संचालित पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत योजना प्रावधान अनुसार अधिसूचित स्व-चलित मौसम केन्द्रों से प्राप्त मौसमी आंकड़ों के आधार पर दावा भुगतान एवं पात्रता का निर्धारण किया जाता है.]

(क) प्रश्नाधीन अवधि में कृषि फसलों एवं उद्यानिकी फसलों हेतु संचालित फसल बीमा योजना, योजनावार बीमित कृषक, देय प्रीमियम (कृषक अंश, राज्यांश एवं केन्द्रांश) तथा क्रियान्वयक बीमा कंपनी की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है.

(ख) प्रश्नाधीन अवधि में संचालित फसल बीमा योजनाओं में कृषकों द्वारा बीमा क्लेम करने का प्रावधान नहीं है अपितु कृषि फसलों हेतु संचालित फसल बीमा योजनाओं के प्रावधान अनुसार अधिसूचित फसलों की फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त औसत उपज तथा उद्यानिकी फसलों में संचालित पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत योजना के प्रावधान अनुसार अधिसूचित स्व-चलित मौसम केन्द्रों से प्राप्त मौसमी आकड़ों के आधार पर दावा भुगतान एवं पात्रता का निर्धारण किया जाता है.

उक्त योजनाओं में दावा भुगतान की गणना बीमित कृषकवार नहीं करते हुए अधिसूचित बीमा इकाईवार (ग्राम पंचायत एवं राजस्व निरीक्षक मंडल) किया जाता है. प्रश्नाधीन अवधि में योजना प्रावधान अंतर्गत दावा भुगतान हेतु पात्र पाये गये कृषकों की संख्या, दावा भुगतान की गई राशि व शेष राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" एवं "स" पर है. (ग) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा इकाई क्षेत्र (ग्राम पंचायत) में राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा आयोजित फसल कटाई प्रयोग के आधार पर प्राप्त वास्तविक औसत उपज के आकड़ों के आधार पर निम्न सूत्र के अनुसार दावा गणना की जाती है :-

$$\text{दावा राशि} = \frac{\text{थ्रेसहोल्ड उपज - वास्तविक उपज}}{\text{थ्रेसहोल्ड उपज}} \times \text{बीमाधन}$$

(थ्रेसहोल्ड उपज = 5 वर्ष की औसत उपज X क्षतिपूर्ति स्तर)

पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत योजना के प्रावधान अनुसार अधिसूचित स्व-चलित मौसम केन्द्रों से प्राप्त मौसमी आंकड़ों के आधार निम्न सूत्र के अनुसार दावा भुगतान एवं पात्रता का निर्धारण किया जाता है :-

क्लेम पर युनिट = (डिफरेंस बिटविन आब्सर्वड एण्ड नोटिफाईड इण्डेक्स वैल्यूज) X नोशनल पे-आउट

[पुनरीक्षित उत्तर]

# जुलाई, 2018 सत्र के प्रश्नोंत्तरों से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ प्रश्न संख्या 03 (क्र. 546) के भाग (क) से (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

जिला राजनांदगांव में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी

| क | वर्ष | मौसम | बीमित कृषक संख्या | दावा भुगतान से लाभान्वित कृषक संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | खरीफ 2016 | 1,40,722 | 6,630 |
| 2 | | रबी 2016–17 | 38,138 | 10,633 |
| 3 | 2017-18 | खरीफ 2017 | 1,78,878 | 1,16,594 |
| 4 | | रबी 2017–18 | 67,778 | मौसम रबी वर्ष 2017–18 में स्थानीय क्षति के फलस्वरूप 851 कृषकों को फसल बीमा का लाभ दिया गया है, अंतिम दावा भुगतान गणना की कार्यवाही प्रकियाधीन है। |

टीप :– लंबित दावा भुगतान के प्रकरणो के निराकरण की निश्चित समय–सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

प्रपत्र "ब"

**जिला राजनांदगांव में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की जानकारी**

| क्र. | वर्ष | बीमित कृषक संख्या | दावा भुगतान से लाभान्वित कृषक संख्या | लंबित भुगतान राशि रू. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2016—17 खरीफ | बीमा योजना लागू नहीं थी | | |
| | 2016—17 रबी | 534 | 534 | निरंक |
| 2 | 2017—18 खरीफ | 476 | 457 | शेष 19 कृषकों का दावा गणना कार्य प्रकियाधीन है। |
| | 2017—18 रबी | 832 | बीमा दावा गणना कार्य प्रकियाधीन है। | |

टीप :— लंबित दावा भुगतान के प्रकरणो के निराकरण की निश्चित समय—सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

परिशिष्ट "दो"

[ प्रश्न संख्या 06 (क्र. 665) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**खुज्जी विधान सभा क्षेत्र से संबंधित तहसीलों का बीमित कृषक, बीमा राशि, दावा भुगतान हेतु पात्र कृषक एवं प्रीमियम राशि में कृषक अंश का विवरण**

| क्र. | मौसम / वर्ष | तहसील | फसल का नाम | प्रति हेक्टेयर बीमित राशि (रू.) | कुल बीमित कृषक संख्या | कृषकों द्वारा दी गई प्रीमियम राशि (रू.) | दावा भुगतान हेतु लाभांवित कृषकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खरीफ 2016 | अंबागढ़ चौकी | धान सिंचित | 35000 | 413 | 582188 | 0 |
| | | | धान असिंचित | 27500 | 9751 | 9959150 | 0 |
| | | छुरिया | धान सिंचित | 35000 | 1307 | 2050687 | 0 |
| | | | धान असिंचित | 27500 | 20451 | 19391807 | 0 |
| योग | | | | | **31922** | **31983832** | **0** |
| 2 | खरीफ 2017 | अंबागढ़ चौकी | धान सिंचित | 42000 | 271 | 529418 | 153 |
| | | | धान असिंचित | 34500 | 10476 | 11064823 | 5674 |
| | | छुरिया | धान सिंचित | 42000 | 540 | 1201230 | 372 |
| | | | धान असिंचित | 34500 | 26432 | 28914028 | 24992 |
| योग | | | | | **37719** | **41709499** | **31191** |
| 3 | रबी 2016–17 | अंबागढ़ चौकी | चना | 25000 | 3217 | 3918842 | 1251 |
| | | | अलसी | 10000 | 152 | 26304 | 136 |
| | | | तिवड़ा | 8000 | 465 | 49478 | 54 |
| | | | गेहूं सिंचित | 22500 | 3 | 3610 | 3 |
| | | | गेहूं असिंचित | 17000 | 11 | 3761 | 11 |
| | | छुरिया | चना | 25000 | 1086 | 924909 | 422 |
| | | | तिवड़ा | 8000 | 416 | 38841 | 252 |
| | | | गेहूं सिंचित | 22500 | 31 | 9307 | 30 |
| | | | गेहूं असिंचित | 17000 | 23 | 4561 | 0 |
| योग | | | | | **5404** | **4979613** | **2159** |
| 4 | रबी 2017–18 | अंबागढ़ चौकी | चना | 31250 | 219 | 87453 | दावा गणना प्रक्रियाधीन। |
| | | | अलसी | 12500 | 266 | 33368 | |
| | | | तिवड़ा | 10000 | 1738 | 222362 | |
| | | | गेहूं सिंचित | 33000 | 47 | 18137 | |
| | | छुरिया | चना | 31250 | 1139 | 918802 | |
| | | | अलसी | 12500 | 1 | 151 | |
| | | | तिवड़ा | 10000 | 6728 | 1169916 | |
| | | | गेहूं सिंचित | 33000 | 198 | 85578 | |
| | | | गेहूं असिंचित | 20000 | 16 | 7064 | |
| योग | | | | | **10352** | **2542831** | |

**प्रपत्र "ब"**

**खुज्जी विधान सभा क्षेत्र से संबंधित तहसीलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में बीमित कृषक, दावा भुगतान हेतु पात्र कृषक एवं प्रीमियम राशि में कृषक अंश का विवरण**

| क्र. | वर्ष | तहसील | कृषक संख्या | कुल प्रीमियम राशि रू. | | | | लाभान्वित कृषक संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कृषक अंश | राज्यांश | केन्द्रांश | योग | |
| 1 | 2016–17 खरीफ | बीमा योजना लागू नहीं थी। | | | | | | |
| 1 | 2016–17 रबी | अम्बागढ़ चौकी | 68 | 107735 | 301488 | 301488 | **710711** | 68 |
| 2 | | छुरिया | 14 | 66187 | 297065.75 | 297065.75 | **660319** | 14 |
| योग | | | **82** | **173922** | **598553.75** | **598553.75** | **1371030** | **82** |
| 1 | 2017–18 खरीफ | अम्बागढ़ चौकी | 53 | 174632.50 | 1078793.13 | 1078793.13 | **2332218.75** | 50 |
| 2 | | छुरिया | 22 | 356099.19 | 1915954.91 | 1915954.91 | **4188009.00** | 22 |
| 1 | 2017–18 रबी | अम्बागढ़ चौकी | 118 | 143374.25 | 593687.13 | 593687.13 | **1330748.50** | बीमा दावा राशि का गणना कार्य प्रकियाधीन है। |
| 2 | | छुरिया | 71 | 203446.00 | 899517.50 | 899517.50 | **2002481.00** | |
| योग | | | **264** | **8,77,551.94** | **4,487,952.67** | **44,87,952.67** | **98,53,457.25** | **72** |

<u>प्रति हेक्टेयर फसल बीमा की राशि</u>

| क | फसल का नाम | मौसम/वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016–17 रबी | 2017–18 खरीफ | 2017–18 रबी |
| | | प्रति हेक्टेयर बीमा राशि (रू.) | | |
| 1 | टमाटर | 1,25,000 | 1,57,500 | 1,57,500 |
| 2 | बैंगन | 87,500 | 87,500 | 87,500 |
| 3 | फूलगोभी | 87,500 | - | 85,750 |
| 4 | पत्तागोभी | 87,500 | - | 85,750 |
| 5 | प्याज | 62,500 | - | 84,000 |
| 6 | अमरूद | - | 18,000 | - |
| 7 | केला | - | 2,80,000 | - |
| 8 | पपीता | - | 2,45,000 | - |
| 9 | मिर्च | - | 61,250 | - |
| 10 | अदरक | - | 1,79,000 | - |

परिशिष्ट "तीन"

[ प्रश्न संख्या 07 (क्र. 693) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**कृषि फसलों हेतु संचालित फसल बीमा योजनांतर्गत बीमित कृषक एवं प्रीमियम की जानकारी**

| क्र. | वर्ष | योजना का नाम | कंपनी का नाम | बीमित कृषक संख्या | प्रीमियम (लाख रू.) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कृषक अंश | राज्यांश | केन्द्रांश | योग प्रीमियम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | खरीफ वर्ष 2015 | राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना | एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड | 1203919 | 6916.012 | 668.676 | 167.169 | 7751.858 |
| योग खरीफ 2015 | | | | **1203919** | **6916.012** | **668.676** | **167.169** | **7751.858** |
| 2 | खरीफ वर्ष 2016 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना | ईफको–टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 1124687 | 10355.819 | 5288.935 | 5288.935 | 20933.688 |
| 3 | | | रिलायन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 274502 | 2399.553 | 1927.889 | 1927.889 | 6255.332 |
| योग खरीफ 2016 | | | | **1399189** | **12755.373** | **7216.824** | **7216.824** | **27189.020** |
| 4 | खरीफ वर्ष 2017 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना | ईफको–टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 1042051 | 10081.465 | 5968.428 | 5968.428 | 22018.321 |
| 5 | | | रिलायन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 256524 | 2726.082 | 2366.428 | 2366.428 | 7458.939 |
| योग खरीफ 2017 | | | | **1298575** | **12807.547** | **8334.856** | **8334.856** | **29477.260** |

प्रपत्र "ब"

**खरीफ वर्ष 2015-16, खरीफ वर्ष 2016-17, में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना संचालित नहीं थी.**
**खरीफ वर्ष 2017-18 में उद्यानिकी फसलों हेतु संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत जिलेवार,**
**प्रभावित किसानों की संख्या एवं बीमा भुगतान की राशि की जानकारी**

| क्र. | जिला | कृषक संख्या | रकबा (हे.) | कृषक प्रीमियम राशि रू. लाख में | राज्यांश प्रीमियम राशि रू. लाख में | केन्द्रांश प्रीमियम राशि रू. लाख में | कुल प्रीमियम राशि रू.लाख में | बीमा दावा भुगतान | | | | बीमा कंपनी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | दावा भुगतान हेतु पात्र की जानकारी | | दावा भुगतान किया गया | | |
| | | | | | | | | कृषक | राशि रू. | कृषक | राशि रू. | |
| 1 | रायपुर | 77 | 88.57 | 2.93 | 5.94 | 5.94 | 14.81 | 68 | 181009 | 68 | 181009 | बजाज एलायंस जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 2 | बलौदाबाजार | 149 | 68.46 | 1.82 | 3.83 | 3.83 | 9.49 | 141 | 465190 | 141 | 465190 | |
| 3 | धमतरी | 196 | 58.28 | 1.82 | 3.30 | 3.30 | 8.43 | 178 | 131494 | 178 | 131494 | |
| 4 | गरियाबंद | 54 | 38.77 | 1.08 | 2.52 | 2.52 | 6.12 | 52 | 293022 | 52 | 293022 | |
| 5 | महासमुंद | 40 | 78.15 | 2.48 | 4.35 | 4.35 | 11.17 | 36 | 319916 | 36 | 319916 | |
| 6 | बिलासपुर | 365 | 259.83 | 10.56 | 16.83 | 16.83 | 44.23 | 356 | 1415943 | 356 | 1415943 | |
| 7 | जांजगीर | 183 | 55.41 | 2.29 | 5.06 | 5.06 | 12.40 | 179 | 231236 | 179 | 231236 | |
| 8 | कोरबा | 164 | 24.17 | 0.71 | 1.95 | 1.95 | 4.61 | 150 | 135143 | 150 | 135143 | |
| 9 | मुंगेली | 127 | 133.63 | 5.32 | 6.94 | 6.94 | 19.19 | 112 | 606624 | 112 | 606624 | |
| 10 | रायगढ़ | 83 | 31.18 | 1.12 | 2.96 | 2.96 | 7.04 | 76 | 286846 | 76 | 286846 | |
| 11 | दुर्ग | 736 | 1185.52 | 54.97 | 105.01 | 105.01 | 264.99 | 702 | 10833457 | 702 | 10833457 | |
| 12 | बालोद | 50 | 84.31 | 3.87 | 7.29 | 7.29 | 18.45 | 35 | 1824927 | 35 | 1824927 | |
| 13 | बेमेतरा | 720 | 1382.26 | 66.55 | 133.65 | 133.65 | 333.84 | 618 | 6684286 | 618 | 6684286 | |
| 14 | कबीरधाम | 195 | 267.62 | 27.22 | 150.81 | 150.81 | 328.85 | 134 | 6622129 | 134 | 6622129 | |
| 15 | राजनांदगांव | 477 | 854.31 | 64.49 | 353.96 | 353.96 | 772.41 | 458 | 23755172 | 458 | 23755172 | |
| 16 | जगदलपुर | 44 | 33.55 | 1.36 | 2.78 | 2.78 | 6.92 | 29 | 315881 | 29 | 315881 | |
| 17 | बीजापुर | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | | | | | |
| 18 | दंतेवाड़ा | 77 | 15.87 | 0.99 | 1.92 | 1.92 | 4.82 | 65 | 36756 | 65 | 36756 | |

| क्र. | जिला | कृषक संख्या | रकबा (हे.) | कृषक प्रीमियम राशि रू. लाख में | राज्यांश प्रीमियम राशि रू. लाख में | केन्द्रांश प्रीमियम राशि रू. लाख में | कुल प्रीमियम राशि रू.लाख में | बीमा दावा भुगतान | | | | बीमा कंपनी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | दावा भुगतान हेतु पात्र की जानकारी | | दावा भुगतान किया गया | | |
| | | | | | | | | कृषक | राशि रू. | कृषक | राशि रू. | |
| 19 | कांकेर | 240 | 24.11 | 1.17 | 2.31 | 2.31 | 5.79 | 237 | 161872 | 237 | 161872 | |
| 20 | कोण्डागांव | 3 | 5.93 | 0.19 | 0.61 | 0.61 | 1.41 | 3 | 79351 | 3 | 79351 | |
| 21 | नारायणपुर | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | | | | | बजाज एलायंस जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 22 | सुकमा | 17 | 14.22 | 1.22 | 1.97 | 1.97 | 5.16 | 5 | 32977 | 5 | 32977 | |
| 23 | सरगुजा | 774 | 112.49 | 4.46 | 6.70 | 6.70 | 17.85 | 769 | 1296807 | 769 | 1296807 | |
| 24 | बलरामपुर | 151 | 18.53 | 0.65 | 1.82 | 1.82 | 4.28 | 151 | 256754 | 151 | 256754 | |
| 25 | जशपुर | 138 | 23.96 | 0.62 | 1.85 | 1.85 | 4.31 | 138 | 216941 | 138 | 216941 | |
| 26 | कोरिया | 54 | 7.90 | 0.33 | 0.55 | 0.55 | 1.44 | 54 | 34190 | 54 | 34190 | |
| 27 | सूरजपुर | 148 | 25.02 | 0.91 | 2.29 | 2.29 | 5.48 | 147 | 303036 | 147 | 303036 | |
| | | **5262** | **4892.05** | **259.14** | **827.18** | **827.18** | **1913.49** | **4893.00** | **56520959.00** | **4893.00** | **56520959.00** | |

## प्रपत्र "स"

### कृषि फसलों हेतु संचालित फसल बीमा योजनांतर्गत दावा भुगतान हेतु शेष दावा भुगतान की जानकारी

| क्र. | वर्ष | योजना का नाम | कंपनी का नाम | जिला | दावा भुगतान | | दावा भुगतान हेतु शेष | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कृषक संख्या | राशि (लाख रू.) | कृषक संख्या | राशि (लाख रू.) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | खरीफ 2015 | राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना | एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड | बालोद | 73507 | 7284.037 | 0 | 0.000 |
| 2 | | | | बलौदाबाजार | 10471 | 421.262 | 0 | 0.000 |
| 3 | | | | बलरामपुर | 5014 | 312.463 | 0 | 0.000 |
| 4 | | | | बस्तर | 11001 | 1528.256 | 0 | 0.000 |
| 5 | | | | बेमेतरा | 38120 | 2557.342 | 0 | 0.000 |
| 6 | | | | बीजापुर | 3883 | 418.460 | 0 | 0.000 |
| 7 | | | | बिलासपुर | 24617 | 1626.074 | 0 | 0.000 |
| 8 | | | | दंतेवाड़ा | 731 | 171.139 | 0 | 0.000 |
| 9 | | | | धमतरी | 49471 | 4569.867 | 0 | 0.000 |
| 10 | | | | दुर्ग | 44303 | 4425.448 | 0 | 0.000 |
| 11 | | | | गरियाबंद | 27223 | 3663.356 | 0 | 0.000 |
| 12 | | | | जांजगीर | 14498 | 929.426 | 0 | 0.000 |
| 13 | | | | जशपुर | 1690 | 30.397 | 0 | 0.000 |
| 14 | | | | कांकेर | 29781 | 3273.173 | 0 | 0.000 |
| 15 | | | | कबीरधाम | 56487 | 6423.079 | 0 | 0.000 |
| 16 | | | | कोंडागांव | 13941 | 1753.135 | 0 | 0.000 |
| 17 | | | | कोरबा | 11572 | 692.511 | 0 | 0.000 |
| 18 | | | | कोरिया | 12588 | 1012.085 | 0 | 0.000 |
| 19 | | | | महासमुंद | 37259 | 4298.850 | 0 | 0.000 |
| 20 | | | | मुंगेली | 7416 | 323.450 | 0 | 0.000 |
| 21 | | | | नारायणपुर | 1973 | 278.879 | 0 | 0.000 |
| 22 | | | | रायगढ़ | 428 | 7.335 | 0 | 0.000 |
| 23 | | | | रायपुर | 9403 | 511.208 | 0 | 0.000 |
| 24 | | | | राजनांदगांव | 170408 | 22714.247 | 0 | 0.000 |
| 25 | | | | सुकमा | 568 | 43.854 | 0 | 0.000 |
| 26 | | | | सूरजपुर | 7807 | 210.840 | 0 | 0.000 |
| 27 | | | | सरगुजा | 2245 | 124.540 | 0 | 0.000 |
| | | | | योग | **666405** | **69604.716** | **0** | **0.000** |
| 1 | खरीफ 2016 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना | ईफको–टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | बलौदाबाजार | 5618 | 726.553 | 0 | 0.000 |
| 2 | | | | बलरामपुर | 169 | 5.747 | 0 | 0.000 |
| 3 | | | | बस्तर | 291 | 30.639 | 0 | 0.000 |
| 4 | | | | बीजापुर | 170 | 15.528 | 0 | 0.000 |
| 5 | | | | बिलासपुर | 6673 | 672.354 | 0 | 0.000 |
| 6 | | | | दंतेवाड़ा | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 |
| 7 | | | | धमतरी | 592 | 28.795 | 0 | 0.000 |
| 8 | | | | दुर्ग | 556 | 108.892 | 0 | 0.000 |
| 9 | | | | गरियाबंद | 808 | 27.351 | 0 | 0.000 |
| 10 | | | | जांजगीर | 85 | 4.627 | 0 | 0.000 |
| 11 | | | | जशपुर | 1 | 0.029 | 0 | 0.000 |
| 12 | | | | कबीरधाम | 11168 | 1207.027 | 0 | 0.000 |
| 13 | | | | कांकेर | 393 | 18.792 | 0 | 0.000 |
| 14 | | | | कोंडागांव | 21 | 0.969 | 0 | 0.000 |
| 15 | | | | कोरिया | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 |
| 16 | | | | महासमुंद | 16260 | 2421.860 | 0 | 0.000 |
| 17 | | | | नारायणपुर | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 |
| 18 | | | | रायगढ़ | 46 | 2.734 | 0 | 0.000 |
| 19 | | | | रायपुर | 821 | 63.838 | 0 | 0.000 |
| 20 | | | | राजनांदगांव | 6630 | 636.505 | 0 | 0.000 |
| 21 | | | | सरगुजा | 25 | 0.260 | 0 | 0.000 |
| | | | | योग | **50327** | **5972.501** | **0** | **0.000** |
